# CBSE Class 6 Social Science Important Questions History Chapter 2 आखेट-खाद्य संग्रह से भोजन उत्पादन तक

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न

प्रश्न 1.
पुरापाषाण काल में रहने वाले लोगों को आखेटकखाद्य संग्राहक के नाम से क्यों पुकारा जाता है?
उत्तर:
भोजन का इंतजाम करने की विधि के आधार पर उन्हें इस नाम से पुकारा जाता है।

प्रश्न 2.
आखेटक - खाद्य संग्राहकों ने अपने काम के लिए किन चीजों के औजार
बनाए?
उत्तर:
उन्होंने पत्थरों, लकड़ियों तथा हड्डियों के औजार बनाये।

प्रश्न 3.
लकड़ियों का उपयोग किसलिए किया जाता था?
उत्तर:

- इंधन के लिए
- झोपड़ियाँ बनाने के लिए
- औजार बनाने के लिए।

प्रश्न 4.
पाषाणकाल में लोग कैसी जगह ढूँढते रहते थे?
उत्तर:
पाषाणकाल में लोग ऐसी जगह दूंढते रहते थे जहाँ अच्छे पत्थर मिल सकें।

प्रश्न 5.
गुफा चित्रों में क्या चित्रण किया गया है?
उत्तर:
गुफा चित्रों में जंगली जानवरों का बड़ी कुशलता से सजीव चित्रण किया गया है।

प्रश्न 6.
पुरास्थल किसे कहते हैं?
उत्तर:
पुरास्थल उस स्थान को कहते हैं जहाँ औजार, बर्तन और इमारतों जैसी वस्तुओं के अवशेष मिलते हैं।

प्रश्न 7.
पाषाण युग को कितने भागों में बांटा गया है?
उत्तर:
तीन भागों में:

- पुरापाषाण युग
- मध्यपाषाण युग
- नवपाषाण युग।

प्रश्न 8.
मध्यपाषाण युग किसे कहते हैं?
उत्तर:
जिस काल में हमें पर्यावरणीय बदलाव मिलते हैं, उसे मध्यपाषाण युग कहते हैं।

प्रश्न 9.
कृषि के लिए अपनाई गई सबसे प्राचीन फसल कौनसी है?
उत्तर:
कृषि के लिए अपनाई गई सबसे प्राचीन फसल गेहूँ तथा जो है।

प्रश्न 10.
अनाज के भण्डारण के लिए लोगों ने क्या किया?
उत्तर:
अनाज के भण्डारण के लिए लोगों ने मिट्टी के बड़ेबड़े बर्तन बनाये, येकरियाँ बुनीं या फिर जमीन में गड्ढा खोदा।

प्रश्न 11.
ओखली और मूसला का क्या उपयोग है?
उत्तर:
ओखली और मूसल का प्रयोग अनाज तथा वनस्पतियों से प्राप्त अन्य चीणों को पीसने के लिए किया जाता था।

प्रश्न 12.
भीमबेटका कहाँ स्थित है?
उत्तर:
भीमबेटका आधुनिक मध्यप्रदेश में स्थित है।

प्रश्न 13.
बसने की प्रक्रिया किसे कहा गया है?
उत्तर:
लोगों द्वारा पौधे उगाने और जानवरों की देखभाल करने को 'बसने की प्रक्रिया' कहा गया है।

लघूत्तरात्मक प्रश्न

https://www.evidyarthi.in/

प्रश्न 1.
आरंभिक मानव खाने के लिए क्या किया करते थे?
अथवा
आखेटक - खाद्य संग्राहक लोगों का भोजन क्या था?
उत्तर:
आरंभिक मानव आमतौर पर खाने के लिए जंगली जानवरों का शिकार करते थे। वे मछलियां और चिड़ियाँ पकड़ते थे तथा फल - मूल, दाने, पौधे - पत्तियाँ, अंडे इकडे किया करते थे।

प्रश्न 2.
आरंभिक मानव अपने द्वारा बनाये गये औजारों का क्या - क्या उपयोग करता था?
अथवा
पाषाण काल में बने औजारों के उपयोग बताइये।
उत्तर:
पाषाण काल में बने औजारों के उपयोग:

1. कुछ औजारों का उपयोग फल-फूल काटने, हड्डियाँ और मांस काटने तथा पेड़ों की छाल और जानवरों की खाल उतारने के लिए किया जाता था।
2. कुछ के साथ हड़ियों या लकड़ियों के मुझे लगा कर भाले और बाण जैसे हथियार बनाए जाते थे।
3. कुछ औजारों से लकड़ियाँ काटी जाती थीं।
4. इंसान के खाने योग्य जड़ों को खोदने के लिए।
5. जानवरों की खाल से बने वस्त्रों को सिलने के लिए।

प्रश्न 3.
पुरास्थल पर क्या पाया जाता है? समझाइये।
उत्तर:
पुरास्थल पर औजार, बर्तन और इमारतों जैसी वस्तुओं के अवशेष मिलते हैं। ऐसी वस्तुओं का निर्माण लोगों ने अपने काम के लिए किया था और बाद में वे उन्हें वहीं छोड़ गए। पुरास्थल रामीन के ऊपर, अन्दर, कभी - कभी समुद्र और नदी के तल में भी पाए जाते हैं।

प्रश्न 4.
12,000 साल पहले दुनिया की जलवायु में आये बदलावों के क्या परिणाम हुए?
उत्तर:
लगभग 12,000 साल पहले दुनिया की जलवायु में बड़े बदलाव आए और गर्मी बढ़ने लगी। इसके परिणामस्वरूप कई क्षेत्रों में पास वाले मैदान बनने लगे। इससे हिरण, बारहसिंपा, भेड़, बकरी और गाय जैसे उन जानवरों की संख्या बढ़ी, जो पास खाकर जिन्दा रह सकते हैं। जो लोग इन जानवरों का शिकार करते थे, वे भी इनके पीछे आए
और इनमें से कुछ जानवरों को पकड़ कर अपनी जरूरत के अनुसार पालने की बात सोचने लगे। इस समय मछली भी भोजन का महत्वपूर्ण स्रोत बन गई।

प्रश्न 5.
उपमहाद्वीप के लोग कृषक किस प्रकार बने?
अथवा

खेती की शुरुआत किस प्रकार हुई?
उत्तर:

1. दुनिया की जलवायु में बदलाव आने पर उपमहाद्वीप के भिन्न - भिन्न इलाकों में गेहूँ, जौ और धान जैसे अनाज प्राकृतिक रूप से उगने लगे थे।
2. महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने इन अनाजों को भोजन के लिए बटोरना शुरू कर दिया होगा।
3. धीरे - धीरे लोग यह भी सीखने लगे होंगे कि यह अनाज कहाँ उगते थे और कब पककर तैयार होते थे।
4. समय के साथ लोगों ने इन अनाजों को खुद पैदा करना सीख लिया होगा। इस प्रकार धीरे - धीरे खेती का आरम्भ हुआ और वे कृषक बन गए होंगे।

प्रश्न 6.
जानवरों को किस प्रकार पालतू बनाया गया?
उत्तर:

1. लोगों ने अपने घरों के आस - पास चारा रखकर जानवरों को आकर्षित कर उन्हें पालतू बनाया।
2. सबसे पहले जिस जंगली जानवर को पालतू बनाया गया वह कुते का जंगली पूर्वज था।
3. धीरे - धीरे लोग भेड़, बकरी, गाय और सूअर जैसे जानवरों को अपने घरों के नजदीक आने को उत्साहित करने लगे।
4. लोग अन्य जंगली जानवरों के आक्रमण से इनकी सुरक्षा किया करते थे और इस तरह जानवरों को पालतू बनाया।

प्रश्न 7.
उपमहाद्वीप के किन स्थानों पर शुरुआती कृषकों और पशुपालकों के होने के साक्ष्य मिले हैं?
उत्तर:
पूरे उपमहाद्वीप में शुरुआती कृषकों और पशुपालकों के होने के साक्ष्य मिले हैं। इनमें सबसे महत्त्वपूर्ण पश्चिमोत्तर क्षेत्र में, आधुनिक कश्मीर में और पूर्वी तथा दक्षिण भारत में पाए गए हैं।

प्रश्न 8.
गर्तवास क्या है? वर्णन कीजिये।
उत्तर:
पाषाणकाल में लोग गड्ढे के नीचे घर बनाते थे, जिन्हें गर्तवास कहा जाता है। ऐसे घर (गर्तवास) बुर्जहोम (वर्तमान कश्मीर) में पाये गये हैं। इनमें उतरने के लिए |सीढ़ियाँ होती थी। इससे उन्हें ठण्ड के मौसम में सुरक्षा मिलती होगी।

प्रश्न 9.
फ्रांस में गुफा में पाये गये चित्रों का संक्षिप्त वर्णन कीजिये।
उत्तर:

- फ्रांस के गुफा चित्र लगभग 20,000 साल पहले से लेकर 10,000 साल पहले के बीच बनाये गये हैं।
- इनमें जंगली घोड़े, गाय, भैंस, गैंड, रेनडीयर, बारहसिंघा और सूअरों को गहरे - चमकीले रंगों से चित्रित किया गया हैं।

https://www.evidyarthi.in/

- सम्भवतः इन चिशे को उत्सवों के अवसर पर या फिर शिकारियों द्वारा शिकार पर निकलने से पहले कुछ अनुष्ठानों के लिए बनाया गया होगा।

प्रश्न 10.
चताल क (तुकी) में दूर - दराज स्थानों से कौनसी वस्तुएँ लाई जाती थी?
उत्तर:
चताल एक (तुर्की) में दूर - दराज स्थानों से कई चीरों लाई जाती थी और उनका उपयोग किया जाता था, जैसे सीरिया से चकमक पत्थर, लाल सागर की कौड़ियाँ तथा भूमध्य सागर की सीपियाँ।